समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# जयपुर मे देशभक्ति के रंग मे रँगा 77वां गणतंत्र दिवस

राजेश चौधरी

Published on 26 Jan 2026




राजेश चौधरी | जयपुर | समाचार वाणी न्यूज़

देश के 77वें गणतंत्र दिवस के गौरवशाली अवसर पर राजस्थान की राजधानी जयपुर स्थित सवाई मानसिंह स्टेडियम में राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक और पावन अवसर पर माननीय राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागडे जी की गरिमामय उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और भी बढ़ाया।

समारोह के दौरान माननीय राज्यपाल महोदय ने राष्ट्रीय ध्वज का विधिवत ध्वजारोहण कर उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने संविधान की गरिमा, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी नागरिकों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इसके पश्चात उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों से भेंट कर इस महान राष्ट्रीय पर्व की मंगलकामनाएं प्रेषित कीं।

इस अवसर पर राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा भी समारोह में उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेकर स्वयं को गौरवान्वित बताया और प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, अनुशासित परेड और देशभक्ति से ओतप्रोत वातावरण ने समारोह को यादगार बना दिया।

राज्य स्तरीय इस आयोजन में वरिष्ठ अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि, स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे। पूरा स्टेडियम देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया और ‘वंदे मातरम्’ व ‘भारत माता की जय’ के नारों से गूंज उठा।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.